दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 25 मई 2019
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

किसमें कितना है दम

बारहवें आईसीसी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार की शाम इंग्लैंड रवाना हो गई। पूरे 20 साल बाद यह मौका आया है जब क्रिकेट का जन्मस्थल इंग्लैंड वर्ल्ड कप मुकाबलों की मेजबानी करेगा। लेकिन यह इस बार के वर्ल्ड कप मुकाबलों की एकमात्र विशिष्टता नहीं है। इस बार सबसे अच्छी बात यह है कि कुछ हद तक श्रीलंका को छोड़कर बाकी सारी टीमें चढ़ी हुई हालत में हैं। इस बार टूर्नामेंट का फॉरमैट भी नया है। अब तक टीमें अलग-अलग ग्रुपों में बांट दी जाती थीं। हर ग्रुप की टीमें पहले आपस में भिड़ती थीं, फिर इनके विनर्स के बीच टक्कर होती थी। मगर इस बार सभी दसों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगी। यानी नॉकआउट मुकाबलों से पहले हर टीम को 9-9 मैच खेलने हैं। जाहिर है, वर्ल्ड कप मुकाबले इस बार अतिरिक्त आकर्षण लिए हुए होंगे। बात भारत की करें तो विराट कोहली की अगुआई वाली इस टीम को पूरी तरह सेटल माना जा सकता है। हालांकि इस बार आईपीएल में विराट का अनुभव उत्साहवर्धक नहीं रहा। उनकी अगुआई वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सबसे निचले स्थान पर रही, लेकिन बतौर बल्लेबाज विराट वहां भी छाए रहे। उम्मीद की जानी चाहिए कि आईपीएल का हालिया अनुभव वर्ल्ड कप में कप्तान के हौसले को प्रभावित नहीं करेगा। उनके अलावा तीन और स्टार बल्लेबाज- महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा और शिखर धवन इस टीम में हैं जो दुनिया भर में अपना लोहा मनवा चुके हैं। धोनी न केवल विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में इस टीम के वरिष्ठतम सदस्य हैं बल्कि तीन वर्ल्ड कप खेलने का अनुभव उनके पास है। मैदान पर कोहली की आक्रामकता के साथ धोनी के कूल अंदाज का तालमेल कमाल कर सकता है। कमजोर कड़ी अगर इस टीम में कोई है तो वह है चौथे नंबर की बैटिंग। इसके लिए विजयशंकर रखे गए हैं लेकिन उनका आईपीएल फॉर्म उनके लिए मुसीबत बना हुआ है। अगर वह शुरुआती मैचों में ही फॉर्म नहीं पकड़ पाते तो उनके विकल्प के रूप में केएल राहुल हैं, जिनकी इन-स्विंग गेंदों से जुड़ी कमजोरी जगजाहिर हो चुकी है।

जाहिर है, टूर्नामेंट में हर गेंदबाज उनकी इस कमजोरी का फायदा उठाना चाहेगा। बल्लेबाजी का चौथा नंबर भारतीय टीम के लिए दुर्योधन की जंघा न बन जाए, इसका इंतजाम टीम मैनेजमेंट को समय रहते कर लेना होगा। टीम का सबसे मजबूत पक्ष बिला शक इसकी गेंदबाजी है। बुमराह और शमी की तेंज गेंदबाजी दुनिया के किसी भी बल्लेबाज को खौफ में डाल सकती है। भुवनेश्वर को कम रफ्तार के बावजूद इंग्लैंड की भारी हवा में ब्रह्मास्त्र समझा जाता रहा है। यजुवेंद्र चहल और कुलदीप यादव की स्पिन भी गर्मियों की पटरा पिच पर अहम भूमिका निभा सकती है। कुल मिलाकर इंग्लैंड में बारिश ने रंग में भंग नहीं डाला तो एक रोमांचक वर्ल्ड कप क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार कर रहा है।

मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में जान फूंकने का खाका पहले ही तैयार किया, मध्य वर्ग पर और घट सकता है टैक्स का बोझ

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र की सत्ता में भारी बहुमत से वापसी करने वाली नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए पूरा जोर लगाएगी और इसके लिए वह मसौदा पहले ही तैयार कर चुकी है। नई सरकार अपने वादे के अनुरूप मध्य वर्ग को करों से और राहत देने के लिए भी कदम उठा सकती है, साथ ही जीएसटी का और सरलीकरण किया जा सकता है। सरकार करों का सरलीकरण, अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ मांग में बढ़ोतरी लाने का हर संभव प्रयास करेगी।

भावी सरकार प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने और मांग में नई जान फूंकने के लिए खाका पहले ही तैयार कर चुकी है, क्योंकि उसे जुलाई में पूर्ण बजट पेश करना है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि चिंता इस बात की है कि अगर उपायों को लागू करने में विलंब होता है तो अर्थव्यवस्था में मौजूदा मंदी का संकट और बढ़ जाएगा। एक अधिकारी ने कहा, च्वक्त जाया करने का समय नहीं है।

मांग में जान फूंकने की चुनौती

केंद्रीय वित्त मंत्रालय और अन्य विभागों ने अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के लिए पहले ही एक खाका तैयार कर लिया था, जिसपर नई सरकार को गौर करने की जरूरत होगी। वित्त वर्ष 2018-19 में पूरे साल के लिए सकल घरेलू उत्पाद (तष्ठक्क) विकास दर अनुमान 7त्न रहने के मद्देनजर चौथी तिमाही में जीडीपी विकास दर घटकर 6.5त्न रहने की उम्मीद है। हाल के महीनों में निजी निवेश में कमी के बीच कारों और उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में आई गिरावट मांग में कमी के संकेत हैं।

टैक्स का बोझ घटेगा

अधिकारियों ने कहा कि पहली चुनौती मांग में नई जान फूंकने की होगी। आगामी जुलाई में बजट पेश किए जाने की संभावना है और उसमें टैक्स में कमी लाकर मध्य वर्ग को राहत पहुंचाई जा सकती है, जिससे उनके हाथ में ज्यादा पैसा पहुंचेगा, परिणामस्वरूप खर्च के साथ मांग में बढ़ोतरी होगी। दरअसल, अंतरिम बजट के दौरान सरकार ने मध्य वर्ग के लिए टैक्स में और कटौती करने का वादा किया था। अधिकारियों ने कहा कि नई औद्योगिक नीति का मसौदा भी तैयार है।

बढ़ाना होगा सरकारी निवेश

मेक इन इंडिया मैन्युफेक्चरिंग पहल के साथ-साथ औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को भी उत्साहित करना होगा।

लगातार दूसरे दिन लगे पेट्रोल, डीजल की महंगाई के झटके

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल की महंगाई के झटके फिर लगातार दूसरे दिन लगे। तेल विपणन कंपनियों ने फिर तेल के दाम बढ़ा दिए। दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम 14 पैसे जबकि चेन्नई में 15 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। डीजल के दाम में दिल्ली और कोलकाता में 16 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 17 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 71.39 रुपये, 73.46 रुपये, 77 रुपये और 74.10 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में बढ़कर क्रमशः 66.45 रुपये, 68.21 रुपये, 69.63 रुपये और 70.24 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। दो दिनों में दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल 22 पैसे, जबकि चेन्नई में 23 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। वहीं, डीजल के दाम दो दिनों में दिल्ली और कोलकाता में 25 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 27 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं।

आदत से तय होती है निवेशक की कामयाबी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले कुछ बरसों में ऐसे निवेशकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है जिन्होंने टिप और मोमेंटम पर दांव लगाने की आदत छोड़कर इन्वेस्टमेंट को बिजनस वैल्यू और फंडामेंटल ऐनालिसिस से समझना शुरू किया है। लेकिन यह कोई सार्वभौमिक घटना नहीं है और ऐसा लगता है कि मेरे जैसे लोग एक तरह के बुलबुले में रह रहे हैं, जहां बदलाव की रफ्तार बाकी दुनिया से बहुत तेज है, हालांकि ट्रेंड में शिफ्ट तो पक्का हुआ है।

यहां तक कि जो लोग बुलबुलों की तरह तुरंत बैठ जाने वाली अफवाहों और उम्मीदों पर दांव लगाते हैं, वे भी जानते हैं कि बचत की ग्रोथ में तेजी लाने का वह सही तरीका नहीं है। वे इसको लेकर शर्मिंदगी महसूस करते हैं लेकिन इसे फटाफट कमाई का तरीका भी साबित करने की कोशिश करते हैं।

तो क्या इन सबका मतलब यह है कि अगर ज्यादा लोग फंडामेंटल एनालिसिस के हिसाब से इनवेस्टमेंट करते हैं तो उनका रिटर्न दूसरों से ज्यादा होगा और बेहतर रिटर्न पानेवाले निवेशकों का अनुपात बढ़ेगा? इस बात को समझने के लिए एक एक्सपेरिमेंट करके देखते हैं। मान लेते हैं कि ज्यादातर निवेशकों ने बेंजामिन ग्राहम की किताब सिक्योरिटी एनालिसिस के अलावा दूसरे इनवेस्टमेंट गुरुओं की किताबें भी पढ़ी हैं और वे लोग अपने पोर्टफोलियो में मौजूदा और उसमें भविष्य में शामिल किए जाने वाले सभी स्टॉक को फाइनैंशल और ऑपरेटिंग पैमानों पर कसते हैं।

पहले खुद को साबित करो फिर मेरे खिलाफ कुछ बोलो- मेरी कॉम

गुवाहाटी (आरएनएस)। दिग्गज मुक्केबाज मेरी कॉम ने विरोधी मुक्केबाज निखत जरीन को हराने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को बेवजह की टिप्पणी करने की जगह रिंग में खुद को साबित करने की सलाह दी। मेरी कॉम पूर्व वर्ल्ड जूनियर चैंपियन निखत की मीडिया में की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिन्होंने कहा था कि वह अपनी आदर्श से भिड़ने को लेकर रोमांचित हैं और इंडिया ओपन के 51 किग्रा सेमीफाइनल में अपने दिमाग का इस्तेमाल करके कड़ी चुनौती देंगी। मेरी कॉम ने सेमीफाइनल में निखत को हराने के बाद फाइनल में जगह बनाने के बाद कहा, प्रत्येक मुकाबला मेरे लिए नया अनुभव है।

चीन के साथ व्यापार वार्ता में हुआवेई को शामिल करने की संभावना : ट्रंप

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन के साथ व्यापार सौदे को लेकर चल रही बातचीत में हुआवेई को शामिल किए जाने की संभावना है। ट्रंप ने अमेरिकी बाजार से हुआवेई को प्रतिबंधित करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के कुछ दिन बाद ये संकेत दिये हैं। हुआवेई सालाना स्तर पर अमेरिकी बाजार से 11 अरब डॉलर के उपकरण खरीदती है। चीन और हुआवेई के संबंध में सवाल पूछे जाने पर ट्रंप ने यहां व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ''इसकी संभावना है (व्यापार वार्ता में हुआवेई को शामिल करने की)। मुझे लगता है कि अच्छी संभावना है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका सुरक्षा के दृष्टिकोण से हुआवेई को लेकर सजग है।

वर्ल्ड कप में सबसे पहले इंग्लैंड बनाएगा 500 रन : विराट कोहली

लंदन (आरएनएस)। भारत के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि इंग्लैंड वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में 500 रन बनाने वाली दुनिया की पहली टीम बन सकती है। इंग्लैंड के नाम पर पहले ही वनडे क्रिकेट में सबसे बड़े स्कोर का रेकॉर्ड दर्ज है। टीम ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रेकॉर्ड 6 विकेट पर 481 रन बनाए थे। वर्ल्ड कप से पहले कप्तानों की मीडिया कॉन्फ्रेंस में कोहली से पूछा गया कि क्या आगामी टूर्नमेंट में 500 रन के आंकड़े को छुआ जा सकता है। अपने साथ बैठे इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन की ओर इशारा करते हुए कोहली ने कहा, मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूं कि ये इन लोगों पर निर्भर करता है। ऐसा लगता है कि ये किसी और से पहले 500 रन तक पहुंचने के लिए बेताब हैं। कोहली ने स्वीकार किया कि टूर्नमेंट में काफी रन देखने को मिलेंगे लेकिन वर्ल्ड कप में खेलने के दबाव के कारण 260-270 रन के लक्ष्य का पीछा करना भी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, यह बड़े स्कोर वाला टूर्नमेंट होगा लेकिन मैंने स्वदेश में भी कहा कि वर्ल्ड कप में 260-270 रन का पीछा करना 370-380 रन का पीछा करने जितना मुश्किल होगा। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि टूर्नमेंट की शुरुआत में टीमें अधिक सतर्क होंगी।

ENGLAND
INDIA

वर्ल्ड कप 2015 जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच से भी यही सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में अगर आप देखो तो इंग्लैंड के स्कोर लगातार ऊपर जा रहे हैं। हमारे खिलाफ सर्वोच्च स्कोर बना। मैं नहीं कहना चाहता कि सबसे पहले ऐसा कौन करेगा। फिंच ने इंग्लैंड और भारत को मजबूत दावेदार बताया लेकिन कहा कि टूर्नमेंट काफी प्रतिस्पर्धी होगा क्योंकि सभी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ कम से कम एक मैच खेलना है। कोहली ने भी फिंच से सहमति जताई कि इंग्लैंड वर्ल्ड कप में सबसे मजबूत टीम के रूप में उतरेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच 16 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मुकाबले के बारे में कोहली और पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने अपनी राय दी।

आज का राशिफल

मेषः- अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। जीवनसाथी का सहयोग प्रसन्नता में वृद्धि करेगा।

वृषः- आंखों को चोट व रोग से बचाएं। किसी दुर्घटना से धन व तन की आशंका है। लापरवाही न करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्ययवृद्धि होगी।

मिथुनः- जीवनसाथी की तरफ से प्रसन्नता प्राप्त होगी। शत्रुओं की सक्रियता चिंता का कारण बन सकती है। राजकीय सहयोग से कार्यसिद्धि होगी।

कर्कः- भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नए साधन प्राप्त होंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

सिंहः- परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। अध्ययन में मन लगेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है।

कन्याः- स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है। झंझटों से दूर रहें। धन तथा मानहानि हो सकती है।

तुलाः- प्रयास सफल रहेंगे। नए काम मिल सकते हैं। कार्य की प्रशंसा होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ के अवसर सहज ही प्राप्त होंगे।

वृश्चिकः- घर-परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। व्यय होगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। धनलाभ होगा।

धनुः- लेन-देन में धोखा खा सकते हैं, लापरवाही न करें। आशंका-कुशंका के चलते कार्यक्षमता प्रभावित होगी। चोट व रोग से बचें। अपने काम पर अधिक ध्यान दें।

मकरः- फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कोई मुसीबत आ सकती है, धैर्य रखें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद से बचें। समय ठीक नहीं है।

कुंभः- डूबी हुई रकम की प्राप्ति हो सकती है। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी।

मीनः- किसी व्यक्ति विशेष से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विरोध हो सकता है। नए काम मिलेंगे। व्यापारिक संबंध बनेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

शीर खुरमा, बनाने की विधि ...

आज हम खुरमा को लेकर बात करे तो आपको ये बता दें कि ये खाने में बहुत लजीज और स्वादिष्ट होता है।जो भी इसका एक बार सेवन कर लेता है वो बस इसके स्वाद का दीवाना हो जाता हैं। इससे आप अनेक तरह के व्यंजन तैयार कर सकते है।

सामग्रीः-

200 ग्राम सेंवई, 02 लीटर दूध, 02 कप शक्कर, 06 छोटी इलायची, 01 चुटकी केसर, बड़ा चम्मच घी, 01बड़ाचम्मच बादाम, बड़ा चम्मच काजू, 01 बड़ा चम्मच पिस्त

सरल विधी

सबसे पहले एक नॉन स्टिक पैन में घी गर्म कीजिए तथा जब घी गर्म हो जाएं तो उसमें सेवइयों को बारीक करके डाल देवे तथा हल्की आंच पर 8-10 मिनट तक चलाते हुए भूनिए। जब सिवइयां हल्की भूरी हो जाएं तो गैस बंद कर देवे एवं सेवइंयों को भिन्न उतारकर रख देवे। तत्पश्चात एक भिन्न पैन में और उसमे दूध को डालिए तथा गर्म करने हेतु रखिए। जब दूध गर्म हो जाएं तो उसमें इलायची और केसर डालिए व फिर दूध को कम आंच में दूध को पकाइए। जब दूध आधा हो जाएं तो उसमें शक्कर को मिलाइए तथा काफी अच्छी तरह से घोल लेवे। शक्कर घुलने पर दूध में सेवई एवं आधे मेवे डालिए व 5मिनट तक पकाने के पश्चात गैस बंद करिए।अब इसे बाउल में निकालिए तथा ऊपर से कटे हुए मेवों से गार्निश करके सर्व कीजिए।

शब्द सामर्थ्य- 74

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 73 का हल



सू-दोकू- 74

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.73का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5